तापमान
अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार 2 जुलाई 2024

बिजली लाइनों पर छाए पेड़ बने नासूर, 20 से ज्यादा फीडर बाधित 14



भाजपा सरकार ओबीसी वर्ग की हितैषी: अनिल 14



## खबर संक्षेप

### पोस्ट ऑफिस जा रही महिला का बैग चोरी

**बावल।** टीकला से बावल पोस्ट ऑफिस आ रही एक महिला का बैग चोरी हो गया। पुलिस शिकायत टीकला निवासी बबीता ने बताया कि वह गांव से बावल पोस्ट ऑफिस के लिए निकली थी। उसे पोस्ट ऑफिस में पैसे जमा कराने थे। रास्ते में वह लघुशंका के लिए रुक गई। उसने अपना बैग साइड में रख दिया था। मौका पाकर कोई उसका बैग लेकर फरार हो गया। बैग में 65 सौ रुपये और मोबाइल फोन था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने अपहरण के बाद युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर 22 अप्रैल 2021 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद आरोपी की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने पंजाब के जलालाबाद निवासी सतनाम को करीब तीन साल बाद इस मामले में गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त गाड़ी बरामद की गई है।

### मोतीझाल मोहल्ले एक युवक हुआ लापता

**बावल।** मोतीझाल मोहल्ले से एक एक युवक अचानक घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में सुमन ने बताया कि उसका पति जितेंद्र अपने भाइयों के पास बावल में रहता है। वह कुछ समय से अपने मायके कुतुबपुर रेवाड़ी रह रही है। उसकी देवरानी सीमा ने फोन पर बताया कि जितेंद्र करीब एक सप्ताह से घर से गायब है। उसकी सूचना के बाद उसने अपनी पति की रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर तलाश की, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट और धमकी देने के आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने महेश्वरी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन पीड़ित के बयान पर 28 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने महेश्वरी निवासी सतीश और रविंद्र को इस मामले में गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट करने के आरोप में चार नामजद

**कुंड।** पाडला के एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में ओमप्रकाश ने बताया कि उनके गांव में जमीन की पैमाइश हुई थी। पैमाइश के दौरान वह मौके पर मौजूद था, जिस कारण गांव के कुछ लोग उससे रंजिश लगने लग गए। इसी रंजिश के चलते काठूवास से वापस आते समय रास्ते में मनोज, चंकित, आशीष और हर्ष ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया।

### स्टेशन पर टीटीआई का बैग उड़ाया

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन पर चेतक एक्सप्रेस में चल रहे टीटीआई का बैग चोरी हो गया। जयपुर रेल डिवीजन के टीटीआई प्रविंद्र कुमार ने जीआरपी को दर्ज शिकायत में बताया कि वह अजमेर से दिल्ली जा रही चेतक एक्सप्रेस में चल रहा था। ट्रेन स्टेशन पर आकर रुकी तो भीड़ शोर-शराबा कर रही थी। वह कोच से उतरकर लोगों को समझाने लगा। इसी दौरान कोई उसका बैग चोरी कर ले गया। बैग में सरकारी टैब, आई कार्ड, कार्ड पास व पर्स था। पर्स में 2 हजार रुपये और एटीएम कार्ड थे।

---

सड़कों पर घूमते गोवंश यातायात बाधित करने के साथ काफी बार वाहन चालकों को कर चुके चोटिल

# एजेंसी की ओर पकड़े गए गोवंश फिर सड़कों पर सरकुलर रोड से कॉलोनियों तक लगा जमावड़ा

**नगर परिषद को कैटल फ्री शहर बनाने का दावा बार-बार हो रहा फेल, सड़कों पर पहुंचे गोवंश लोगों को घायल करने के लिए तैयार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। एमआरएफ सेंटर में कचरे में लगे हुए गोवंश व मॉडल टाउन में घूमते गोवंश।

फोटो: हरिभूमि

नगर परिषद का शहर को कैटल फ्री बनाने का दावा एक बार फिर फेल हो चुका है। नगर परिषद की ओर से प्रति वर्ष सड़कों पर घूमते गोवंश को पकड़ने के लिए एजेंसी को लाखों रुपये ठेका दिया जाता है, लेकिन सड़कों पर घूमते गोवंश की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। ऐजेंसी की ओर से सड़कों पर घूमते सभी गोवंश को पकड़ा नहीं जाता है और जो गोंवश पकड़े जाते है उनको पशु मालिक जुर्माना भरकर छुड़ा लाते है और फिर से सड़कों पर छोड़कर लोगों के लिए परेशानी पैदा करते है। प्रति वर्ष सड़कों पर गोवंश की संख्या बढती ही जा रही है। इन गोवंश में सांडों की संख्या भी काफी अधिक हो गई है। यह सांड आपस में लडाई करके यातायात बाधित करने के साथ हादसे का कारण भी बनते है। पिछले एक वर्ष में सड़कों पर घूमते गोवंश दर्जनों लोगों को घायल चुके है। सड़कों पर घ्रूमने वाले ज्यातातर पशु पालतू है, जिनको पशु मालिक दूध दोहने के बाद सड़कों पर छोड़ देते है। नगर परिषद की ओर से गोवंश पकड़ने के लिए धारूहेड़ा का ठेका लेने वाली फर्म को तीन महीने के लिए ठेका दिया था। फर्म की ओर से 700 से अधिक गोवंश पकडकर गोशाला भेजे गए, लेकिन पशु मालिक जुर्मान भरकर इन गोवंश को छुड़ा लाए और फिर से सड़कों पर छोड़ना शुरू कर दिया।

### फिर से सड़कों पर पहुंचे पकड़े गए गोवंश

नगर परिषद के अधिकारी शहर की सड़कों को गोवंश से मुक्त करने का बार-बार दावा करते है, जबकि गोवंश पकड़ने का ठेका लेने वाली फर्म इन गोवंश को पूरी तरह पकड़ नहीं पाती है और ठेका या तो खत्म हो जाता है या फिर कोई अड़चन पैदा हो जाती है। शहर में लंबे समय से मुख्य मार्गो, कॉलोनियों व मोहल्लों में हर तरफ गोवंश घूमते हुए देखे जा सकते है। यह गोवंश पूरे दिन या तो शहर की सड़कों पर बैठे रहते है या फिर कचरे में मुंह मारकर गंदगी फैलाते रहते है। सड़कों पर घूमते गोवंश यातायात बाधित करने के साथ काफी बार वाहन चालकों को चोटिल भी कर रहे है।

### एमआरएफ सेंटर में पूरे दिन

इन दिनों लियो चौक के सामने स्थित एमआरएफ सेंटर में पूरे दिन गोवंश का जमावड़ा लगा रहता है। सेंटर में कार्यरत कर्मचारियों को गोवंश से न तो कोई आपत्ति होती है और न ही कोई मतलब। क्योंकि सेंटर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यहां न तो कचरे का सेग्रीगेशन किया जा रहा है और न ही कंपोस्ट किया जा रहा है। शहर के सभी कचरा डंपिंग स्टेशनों में पूरे दिन काफी संख्या में गोवंश जमा रहते है। नगर परिषद अधिकारी हर बार पशुपालकों से सड़कों पर अपने पशुओं को खुले में न छोड़ने का आग्रह करते है, जिसके बाद ऐजेंसी की ओर से गोवंश पकड़े जाते है और फिर सड़कों पर आ जाते है। अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, जिसका खामियाजा सड़कों से गुजरने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है।



महाराणा प्रताप चौक के पास जमा गोवंश



बावल रोड पर जमा गोवंश।

---

### सीढ़ियों से गिरकर कंपनी कर्मी की मौत

**बावल।** नैचाना रोड पर किराए के मकान में रह रहे एक कंपनी कर्मचारी की मकान की सीढ़ियों से फिसलकर गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मूल रूप से बिहार का रहने वाला करीब 28 वर्षीय राजकिशोर आईएमटी की एक कंपनी में नौकरी करता था। वह नैचाना रोड पर लगभग तीन साल से किराए के मकान में रह रहा था। रविवार की रात बरसात के दौरान वह मकान की छत से नीचे उतर रहा था। पैर फिसलने के कारण वह सीढ़ियों से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां रहने वाले लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करा दिया।



### परिवार गया हुआ था खाटूश्याम चोरों ने लाखों के जेवरात उड़ाए

**रेवाड़ी।** पटौदी रोड ठठेरा कॉलोनी में चोर एक बंद मकान में सेंध लगाकर 10 लाख रुपये से अधिक के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। सदर थाना पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में जयप्रकाश ने बताया कि वह गत रविवार को सुबह के समय पूरे परिवार के साथ मकान को ताले लगाकर खाटूश्याम जी के दर्शन के लिए गया था। रविवार देर सायं जब वह परिवार के साथ घर लौटा तो ताला खोलने पर घर के अंदर कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने कमरे में रखी दो अलमारियों व लोहे की संदूक के ताले तोड़ दिए। करीब 17 तोला वजन के कई सोने के जेवरात, एक किलोग्राम चांदी पर हाथ साफ कर दिया।

---

# झुग्गियों में की जा रही थी बिजली चोरी, निगम ने आठ केस बनाए

- बिजली कर्मियों की चेकिंग के दौरान मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

रसियावास रोड जाट समाज की जमीन पर अवैध रूप से झुग्गियां बनाकर रह रहे लोग बिजली चोरी कर रहे थे। सोमवार को बिजली निगम की टीम ने 8 झुग्गियों में बिजली चोरी पकड़ी। निगम ने उन पर लोड के मुताबिक जुर्माना किया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। निगम के जेई संजय राठी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि रसियावास रोड पर बनी झुग्गियों में रहने वाले लोग बिजली की चोरी कर रहे हैं। उन्होंने एक टीम बनाकर झुग्गियों में रेड की, तो वहां अवैध रूप से तार जोड़कर बिजली की चोरी की जा रही थी। 8 झुग्गियों में बिजली की चोरी पाए जाने के बाद टीम ने उनकी केबलें और तार कब्जे में ले लिए। बिजली चोरी की वीडियोग्राफी कराई गई है।



रेवाड़ी। बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते निगम अधिकारी।

### जाट समाज ने दिया हटाने का अल्टीमेटम

*जाट समाज के प्रधान सुमेर जेलदार ने बताया कि यह जमीन सर्वसमाज की है। जमीन पर झुग्गियां बनाकर अवैध कब्जा किया हुआ है। झुग्गियों को हटाने के लिए बार-बार कहा जा चुका है। अब समाज के लोगों ने उन्हें 7 जुलाई तक जमीन खाली करने को कहा है। अगर इस अवधि में झुग्गियां नहीं हटाईं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

### ट्रक में आया कंपनी का माल चोरी, 3 पर केस

**कसोला।** ग्रोथ सेंटर की एक कंपनी में दिल्ली से आए सामान में से कुछ सामान चोरी हो गया। एचआर मैनेजर की शिकायत पर कसोला पुलिस ने स्टोर कीपर, गार्ड व ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस ने बाद में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस शिकायत में कंपनी के एचआर मैनेजर विजय वीर ने बताया कि उसकी कंपनी में दिल्ली की एक कंपनी से इथाइल नाम मैटिरियल आया था। कंपनी से 300 क्विंटल भरकर चला था। जब गाड़ी से माल उतारा गया तो उसमें से 25 क्विंटल माल गायब मिला। उसने आरोप लगाया कि कंपनी के स्टोर कीपर सतीश, सिक्योरिटी गार्ड अश्वनी व गाड़ी के चालक ने मिलकर सामान गायब किया है।

### तीन दिन पहले रेलवे ट्रैक पर मिला था शव, तीन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीती 28 जून को अटेली के बेगपुर अंडरपास के पास रेलवे लाइन पर मिले युवक के शव के मामले में जीआरपी ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। महेंद्रगढ़ के उनिंदा निवासी योगेश उर्फ भोलू घर से 27 जून को बाइक लेकर निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। अगले दिन योगेश का शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। पुलिस ने आत्महत्या का मामला मानते हुए शव का पोस्टमार्टम करा दिया था। मृतक के पिता अनिल कुमार ने जीआरपी को दर्ज शिकायत में कई तथ्य पेश करते हुए आरोप लगाया है कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर गांव के ही प्रवीन कुमार, हरीश व प्रवीन ने पहले योगेश को शराब पिलाई। उसके बाद उसे मौत के घाट उतारकर हत्या को आत्महत्या में बदलने के लिए शव को रेलवे लाइन के बीचों-बीच डाल दिया। अगर योगेश सुसाइड करता तो उसके शरीर का कोई अंग कटा हुआ मिलाता लेकिन उसके सिर में चोट मिली है। शरीर का कोई अंग कटा हुआ नहीं था। उसकी बाइक के स्टार्टर के तार अलग किए हुए मिले, ताकि वह भाग नहीं सके। चप्पलें भी उस स्थान पर मिली हैं, जहां उसे शराब पिलाई गई। जीआरपी ने शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### फर्जी इकरारनामा कर पैसे एठने के मामले में महिला गिरफ्तार

**कोसली।** कोसली पुलिस ने फर्जी इकरारनामा कर धोखाधडी करके पैसे एठने के मामले में एक महिला आरोपी लुहार बस्ती रेलवे स्टेशन कोसली निवासी दयादेवी को गिरफ्तार कर लिया है। भाकली निवासी अश्वनी कुमार कोसली में खरीदने के लिए मकान की तलाश कर रहा था। उसकी मुलाकात राम कुवार से हुई, जिसने बताया कि उनका मकान 100 गज में बना हुआ है जोकि पत्नी के नाम से है। वह उसे बेचना चाहते है। मकान देखने के बाद उनका 15 लाख रुपये में सौदा तय गया। अश्वनी ने ब्याना के तौर पर 14 लाख रुपये में 2 लाख नकद व 12 लाख रुपये अलग-अलग तारीखों में अकाउंट ट्रांसफर व चैक के माध्यम से दे दिए।

---



रेवाड़ी। कॉलेज में पौधारोपण करते प्राचार्य व स्टाफ।

### पौधारोपण करने मनाया वन महोत्सव

**रेवाड़ी।** राजकीय महाविद्यालय रेवाड़ी में सोमवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य विजय कुमार ने पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि वन महोत्सव, भारत में वार्षिक एक सप्ताह का पौधारोपण उत्सव है, जोकि जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। यह एक महान पारंपरिक भारतीय त्योहार है, जो प्रकृति की सुंदरता के बारे में जागरूकता पैदा करने और पुनर्चक्रण की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए पौधे लगाकर मां पृथ्वी को सम्मान और प्रेम करने की भारतीय संस्कृति और विरासत को संभालने के लिए मनाया जाता है। वन महोत्सव कार्यक्रम के आयोजक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के प्रभारी डा. गजेंद्र सिंह यादव ने 75वें वन महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए सभी से पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करें। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से 17 जुलाई को प्रभात फेरी व शपथ, 18 जुलाई को निबंध, पेंटिंग व वाद विवाद प्रतियोगिता, 19 जुलाई को शिक्षक और कर्मचारियों की ओर से पौधारोपण तथा 22 जुलाई को पौधारोपण किया जाएगा। इस अवसर पर डा. अखिलेश कुमार, डा. रतन लाल, प्रो. ज्योति, निर्मला देवी, कृष्ण कुमार, दीपिका, आरती, सतीश कुमार, सतपाल और मनोज देवी उपस्थित थे।

---

**सियासत** फ्लाईओवर निर्माण और बाईपास से लेकर आईएमटी बनेंगे चुनावी मुद्दे

# लोकसभा चुनाव में हाथ से निकला कोसली विस चुनाव में सीट बचाने की बड़ी चुनौती

- प्रदेश की हॉट सीट बन चुका बड़ा कोसली विधानसभा क्षेत्र, महज दो मतों से लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली मात


नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी



नायब सैनी



लक्ष्मण यादव



मनोहरलाल

- लोकसभा चुनाव में हलके से भाजपा प्रत्याशी की हार से बजने लगी खतरे की घंटी

वर्ष 2009 के विधानसभा चुनावों में अस्तित्व में आए कोसली विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने वर्ष 2014 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में लगातार भाजपा का साथ दिया। भाजपा को दो बार विधायक दे चुके हलके के मतदाताओं ने लोकसभा चुनावों में उम्मीद से हटकर भाजपा को महज 2 मतों का झटका दे दिया। लोकसभा चुनाव में हलके से भाजपा प्रत्याशी की अप्रत्याशित हार ने पार्टी के लिए इस हलके में खतरे की घंटी बजा दी है। इस सीट पर पार्टी को लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने के इस बार पूरी ताकत झोंकनी होगी। फ्लाईओवर व बाईपास निर्माण के साथ-साथ कोसली में आईएमटी इस चुनाव में बड़ा मुद्दा बन सकते हैं। परिसीमन के बाद नए बने अहीर बाहुल्य कोसली हलके के रोहतक लोकसभा क्षेत्र में शामिल होने के बाद ही यह हलका काफी महत्वपूण हो गया। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में जब दीपेंद्र को रोहतक के सभी हलकों में अच्छे माजिन से जीत मिली, तब कोसली ने भाजपा प्रत्याशी ओपी धनखड़ को 42 हजार से अधिक मतों से जिताया था। इसके बाद हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी ब्रिकम ठेकदार को जीत हासिल हुई थी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में कोसली हलके ने इतिहास रच दिया था। कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा को इस हलके में मिली लगभग 75 हजार मतों से हार ने उनका संसद जाने का रास्ता बंद कर दिया था। विधानसभा चुनावों में लक्ष्मण सिंह यादव को हलके के मतदाताओं ने सिर माथे पर बैठाया था। मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल में हलके को सरकार में राज्य मंत्री के रूप में भागीदारी मिली थी, परंतु दूसरे कार्यकाल में इस हलके के विधायक को मंत्री नहीं बनाना भाजपा के लिए लोकसभा चुनावों में घाटे का सौदा साबित हुआ। लक्ष्मण ने इस हलके में मजबूत पकड़ बनाने की दिशा में ग्रांउड लेवल पर पसीना बहाया, लेकिन पार्टी के कुछ नेता लोकसभा चुनावों में अरविंद शर्मा की हार में अपनी टिकट का रास्ता साफ करने की जुगत में नजर आए।

#### दो मतों के अंतर से हार गई भाजपा

इस सीट पर बडे मार्जिन से एक बार फिर जीत की उम्मीद लगाए बैठी भाजपा को 2 मतों के मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा, जबकि इस बार बड़ी जीत की उम्मीद की जा रही थी। विधानसभा चुनावों में इस हलके में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने के लिए भाजपा को बड़ी रणनीति बनाकर चलना होगा। आचार संहिता लागू होने से पहले लोगों की नाराजगी दूर करनी होगी।

#### टिकट के दावेदारों की भी कमी नहीं

लक्ष्मण सिंह यादव ने विधायक बनने के बाद हलके में विकास कार्य कराने के लिए लगातार सीएम से लेकर विभागों के मंत्रियों तक की खूब दौड़ लगाई है। वह इस बार भी टिकट को लेकर आश्वस्त बने हुए हैं, परंतु पार्टी में कुछ नए चेहरे टिकट का दांव खेलने के लिए अंदरखाने जुगाड़ बैठाने में लगे हुए हैं। लोकसभा चुनावों के दौरान विजय भूरथला चुपके से भाजपा में शामिल हो चुके हैं। युवा चेहरे के रूप में अमन एम सिंह ने इस हलके में सक्रियता बढ़ाई हुई है।

हरिभूमि सहेली
रोहतक,मंगलवार
2 जुलाई 2024



कवर स्टोरी / रेखा शाह आरबी

हंसते-बोलते प्यारे रिश्तों के बीच किसी गलतफहमी की वजह से खामोशी आ जाए, यह सही नहीं है। ईगो, जिद या फिर संकोच में भी हम आपस में बातचीत ना करके मन में खटास बैठाए रहें और रिश्तों में दूरी बना लें, यह भी उचित नहीं। हमें अपने रिश्ते ऐसे नहीं बिखरने देने चाहिए, बातचीत करके दूरियां खत्म कर रिश्तों को सहेजना चाहिए, इसी में सबकी खुशियां हैं।

# रिलेशनशिप में कभी ना आने दें खामोशी

पति-पत्नी के बीच का रिश्ता हो, दोस्ती का या फिर प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता, हर रिश्ता भरोसे और समझदारी पर टिका होता है। अगर किसी रिश्ते में गलतफहमी आ भी जाए तो उसे बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। लेकिन कुछ लोग बातचीत करने के बजाय खामोश रहना पसंद करते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि धीरे-धीरे रिश्ता खत्म हो जाता है। चाहे कितना भी करीबी रिश्ता हो, अगर एक बार रिश्ते में गांठ पड़ जाती है तो रिश्ते को बिखरने में देर नहीं लगती। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। नीता और सुनीता वर्षों से एक-दूसरे की अभिन्न सहेली थीं। एक-दूसरे के साथ हर दुख-सुख, हंसी-खुशी को साझा करती थीं। एक बार नीता ने सुनीता से कुछ आर्थिक मदद मांगी। सुनीता किसी कारण नीता की मदद नहीं कर पाई। नीता को लगा कि उसकी सहेली उसकी मदद कर सकती थी, लेकिन उसने जान-बूझकर ऐसा नहीं किया। यह बात नीता के मन में घर कर गई। हालांकि उसे इस संबंध में खुलकर सुनीता से कम से कम एक बार बात जरूर करनी चाहिए थी, लेकिन बात ना करने के कारण आखिरकार दोनों के रिश्तो के बीच खटास पड़ गई। दोनों ने आपस में बातचीत करना बंद कर दिया। निरंतर खामोश रहने से एक अच्छा-भला रिश्ता खत्म हो गया। इसीलिए जब बात अपनों की हो तो खुलकर बात कर लेनी चाहिए। किसी अपने को खोने से बेहतर है, बगैर किसी पूर्वाग्रह के उसके सामने अपना प्वांइट ऑफ व्यू जरूर रख दें। रिश्तों में गलतफहमियां ना बढ़ें, इसके लिए यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखकर अपने रिश्ते सहेजे जा सकते हैं।





## ना खींचें लंबी खामोशी

कई बार हम झगड़ों और बहस से बचने के लिए रिश्तों में खामोशी धारण कर लेते हैं। इस तरह का व्यवहार रिश्तों को कमजोर करके उसे खत्म कर देता है, जबकि हमें करना यह चाहिए कि जिस किसी से गलतफहमी की वजह से खामोशी है, उससे सीधी, सरल भाषा में खुलकर बात करें। सामने वाले की शंकाओं को दूर करें और रिश्ते को खत्म होने से बचा लें।

## दूर करें संशय

यदि आपको अपना रिश्ता प्रिय है तो एक बार अपने संशय दूर करने का प्रयास जरूर करें। हो सकता है, अगला आपके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहा हो या आप भी मन ही मन उसके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहे हों। यह भी हो सकता है कि बात करने से आप उसकी बातों से पूर्ण रूप से सहमत ना हों और रिश्ता पहले जैसा नॉर्मल ना हो। लेकिन कम से कम एक-दूसरे के प्रति संशय तो नहीं रहेगा, असली वस्तुस्थिति से आप दोनों अवगत हो जाएंगे। क्या पता, बाद में रिश्ते फिर से बन जाएं।

## कभी तीसरे व्यक्ति को माध्यम ना बनाएं

कई बार हम जिससे नाराज होते हैं, उससे अपनी बातें स्वयं ना कहकर अपने दोस्तों से कहलवाते हैं। ऐसे में अकसर ऐसा होता है कि बात बनने के बजाय और बिगड़ जाती है। इसीलिए अपनी बात अपने किसी दोस्त या रिश्तेदार के माध्यम से कहने के बजाय स्वयं उस व्यक्ति के सामने रखें, जिससे आपकी नाराजगी है। किसी दूसरे के माध्यम से बात कहने में और भी गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। हम स्वयं अपनी बात जितने सीधे, सरल और प्रभावी तरीके से रख सकते हैं, दूसरा कोई व्यक्ति नहीं रख सकता है।

## सरल तरीके से कहें अपनी बातें

रिश्ता कोई भी हो, उसमें मौजूद गलतफहमी को दूर करने के लिए जब भी अपनी बातें कहें तो सीधे, सरल और सौम्य तरीके से कहें। ना कि बहुत ज्यादा घुमा-फिरा कर कहें। कभी-कभी ऐसा होता है कि जिससे हम मन में नाराज होते हैं, उसका थोड़ा-सा भी मजाक या उसकी घुमावदार बातें, ताने सी लगती हैं या हम गलत मतलब निकाल लेते हैं। इसीलिए जब तक रिश्ता नॉर्मल नहीं हो, तब तक ऐसे टोन और लहजे से बचें। कहने का मतलब है कि अपने रिश्तों को आसानी से खोने ना दें, इन्हें सहेज कर रखें।

डाइट सजेशन / रिया शर्मा
सीनियर डाइटिशियन, कैलाश हॉस्पिटल, एनसीआर

# बारिश के मौसम में डाइट का रखें ध्यान

बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका सबसे ज्यादा संक्रमित भोजन करने से होती है। ऐसे में बचाव के लिए जरूरी है कि इस दौरान अपनी डाइट को लेकर आप पूरी सावधानी बरतें।



बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। बारिश ने जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत दी है, वहीं इस मौसम में कई तरह की बीमारियों के होने की आशंका भी बढ़ जाती है। वजह, इस मौसम में हवा में नमी अधिक होती है, जो बैक्टीरिया के ग्रोथ के लिए सबसे अनुकूल वातावरण होता है। इसके अलावा बारिश में जल-जनित बीमारियां होने की भी आशंका अधिक रहती है। इनसे बचाव के लिए खान-पान पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिससे आप बीमारियों से बच कर स्वस्थ रह सकती हैं। इस मौसम में क्या खाएं और किनसे परहेज करें, जानिए।



## क्या खाएं

- बारिश में जल-जनित बीमारियां, जैसे- कॉलरा, टाइफाइड, पीलिया होने की आशंका अधिक रहती है। इसलिए काफी देर से खुला रखा या बाजार में खुले में बिकने वाला पानी ना पिएं, कोशिश करें उबला पानी ही पिएं, गंदे स्थान पर लगे नल का पानी पीने से बचें।
- बेकरी प्रोडक्ट्स जैसे ब्रेड, बिस्कुट और केक आदि को खरीदने से पहले जांच लें, क्योंकि इस मौसम में फंगस भी बहुत तेजी से बढ़ते हैं। इसलिए एक्सपायरी डेट देखकर ही कोई फूड आइटम खरीदें।
- यह मौसम फूड आइटम्स में बैक्टीरिया के पनपने के लिए अनुकूल होता है। इससे बचाव के लिए खाने को उचित तापमान पर पकाएं। ऐसा खाना जल्दी संक्रमित नहीं होता है और इसे कुछ समय तक खराब होने से बचाया जा सकता है।
- फलों और सलाद के लिए सब्जियों को खाने से पहले अच्छी तरह पानी से कई बार धो लें।
- सब्जी को काटने से पहले दो-तीन बार पानी से धोकर ही उसके बाद पकाना चाहिए।
- कोशिश करें कि इस मौसम में ताजा खाना ही खाएं। खाना अगर कुछ देर पहले बना है और ठंडा हो गया है तो इसे दोबारा गरम कर ही खाना चाहिए। इससे बैक्टीरिया की संभावना खत्म हो जाती है। आमतौर पर लोग कुछ देर पहले बने खाने को गर्म नहीं करते हैं और यही संक्रमण का कारण बनता है।
- प्रोटीन रिच फूड, जैसे- मटन, चिकन, फिश, पनीर, चीज आदि के जल्दी खराब होने की आशंका रहती है। इन्हें पकाने के बाद देर तक ना रखें।
- खाना खाने से पूर्व साबुन से अच्छी तरह हाथ जरूर धोएं।

प्रस्तुति:रिचा पांडे

## इनसे करें परहेज



- इस मौसम में कटे रखे हुए फल खाना बीमारियों को दावत देना है, इससे बचना चाहिए।
- सड़क किनारे खुले में बिकने वाले फूड्स नहीं खाने चाहिए, इससे संक्रमण फैल सकता है।
- ऐसी आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए, जो उचित तापमान में ना रखी गई हो। इस तरह की आइसक्रीम से गले में संक्रमण होने की आशंका अधिक रहती है।
- इस मौसम में बाजार में बिकने वाला जूस नहीं पीना चाहिए, भले ही वह ताजा क्यों ना हो, यह बीमार कर सकता है।
- बारिश में हरी सब्जियों को खाने से बचना चाहिए।



ब्यूटी
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

एलोवेरा, हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी निखारने में भी हेल्पफुल होता है। खासतौर पर इसका जैल स्किन सेल्स को स्मूद, सॉफ्ट बनाता है। एलोवेरा किस तरह ब्यूटी निखारने में हेल्पफुल है, आप भी जानिए।

# सौंदर्य निखारे एलोवेरा

एलोवेरा, बगीचों में ही नहीं, लोगों के घरों में भी आसनी से देखने को मिल जाता है। यह गमलों में आसानी से उगाया जा सकता है। एलोवेरा के यूज से त्वचा और बालों की देखभाल काफी लाभदायक मानी जाती है। एलोवेरा के पौधे में नमी रोकने की भरपूर क्षमता होती है। यह पावरफुल नेचुरल मॉयश्चराइजर है। यह स्किन की डेड सेल्स को रिमूव कर स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है।



**एजिंग प्रोसेस को कम करे:** एलोवेरा एस्ट्रिंजेंट की तरह कार्य करता है और स्किन सेल्स को कसकर बांध देता है, जिससे समय से पूर्व झुर्रियां नहीं आतीं हैं और यह बुढ़ापे को रोकने में मददगार साबित होता है। साथ ही इसमें एंटी ऑक्सीडेंटिव गुण विद्यमान होते हैं, जो स्किन सेल्स के रिजुवेनेशन की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करते हैं। एलोवेरा के उत्पादों के लगातार प्रयोग से स्किन पर एजिंग इफेक्ट को कम करने में मदद मिलती है।

**ब्यूटी प्रोडक्ट्स में होता है यूज:** एलोवेरा ना केवल स्किन को हेल्दी बनाता है, इसकी नई कोशिकाओं के बनने में भी सहायक होता है। एलोवेरा को क्लींजर, मॉयश्चराइजर जैसे कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स में मुख्य घटक के रूप में प्रयोग किया जाता है।

**सूजन करे दूर:** एलोवेरा का जूस सूजी हुई नसों के उपचार में भी मददगार साबित होता है। यह त्वचा में घाव, संक्रमण आदि के उपचार में प्रभावी साबित होता है। एलोवेरा में विद्यमान जिंक, एंटी इनफ्लेमेटरी का कार्य करता है, इससे त्वचा की सूजन दूर होती है।



**बहुत यूजफुज है जैल:** एलोवेरा जैल या जूस को त्वचा पर सीधा अप्लाई किया जा सकता है। प्रयोग करने में पहले पत्तियों को अच्छे से धो लेना चाहिए। एलोवेरा जूस या जैल को प्रतिदिन चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर साफ ताजे पानी से धोना फायदेमंद होता है। यह त्वचा को मुलायम और नम बनाए रखने में मदद करता है। अगर इसका नियमित रूप से सेवन किया जाए तो यह त्वचा को सॉफ्ट और यंग दिखाने में मददगार साबित होता है। यह त्वचा को तैलीय बनाए बगैर उसमें नमी को बनाए रखने में मदद करता है।

**फेस मास्क के रूप में:** एलोवेरा को फेस मास्क के रूप में भी उपयोग में लाया जा सकता है। एक चम्मच जई या मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच संतरे की छाल का पावडर, दही और एक चम्मच एलोवेरा जैल मिलाकर इस मिश्रण को त्वचा पर 30 मिनट तक लगाकर छोड़ दें। फिर त्वचा को धो डालें। चेहरे पर नया निखार दिखेगा।

**हेयर केयर:** एलोवेरा बालों की हेल्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद है। एलोवेरा जैल को बालों पर अच्छी तरह से लगाएं और 20 मिनट के बाद इसे धो लें। इससे बाल मजबूत, मुलायम और चमकीले बनते हैं।

मेकअप / निधि गोयल


सीजन बदलने के साथ हमारी लाइफस्टाइल में काफी कुछ बदल जाता है। अब जैसे बरसात शुरू हो गई तो अन्य बातों के साथ ही आपको मेकअप स्टाइल में भी चेंज कर लेना चाहिए। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।

# रेनी सीजन मेकअप स्टाइल आप दिखेंगी अट्रैक्टिव

बरसात के मौसम में मेकअप करने के बाद सबसे बड़ा टास्क होता है उसको टिकाए रखना। दरअसल, आप मेकअप तो अच्छे से कर लेती हैं लेकिन जैसे ही घर से बाहर निकलती हैं तो वातावरण की नमी के कारण आपको पसीना आने लगता है। पसीने के कारण आपका मेकअप खराब होने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसी बातों का ध्यान रखें, जिससे आपका मेकअप खराब नहीं हो।

**ऐसे करें बेस तैयार:** लॉन्ग लास्टिंग मेकअप के लिए आपको चेहरे पर सबसे पहले अच्छा बेस बनाएं। अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं तो ध्यान रखें कि ऑयल फ्री फाउंडेशन का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे आपके चेहरे पर अलग सा चिपचिपापन नजर आएगा। बरसात के मौसम में बीबी क्रीम का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे चेहरे पर एक बेस बन जाता है। यह पसीने के कारण बहती नहीं है।





**कंसीलर का इस्तेमाल:** मेकअप के दौरान महिलाएं कंसीलर का इस्तेमाल चेहरे से दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करती हैं। ध्यान रखें कि इस मौसम में आप क्रेयॉन कंसीलर का इस्तेमाल करें। यह वाटरप्रूफ होता है और पसीना आने पर भी जल्दी हटता नहीं है।

**आंखों को बनाएं अट्रैक्टिव:** चेहरे का पूरा मेकअप, काफी हद तक आंखों पर टिका होता है। इस सीजन में वाटरप्रूफ काजल ही लगाएं। इससे आपका काजल फैलेगा नहीं और आंखें भी बेहद आकर्षक नजर आएंगी।

**आईशैडो:** आंखों का मेकअप आईशैडो के बिना सूना नजर आता है। इस सीजन में आप आंखों पर लाइट कलर के वाटरप्रूफ आईशैडो, जैसे- पिंक, पीच, सी ग्रीन, लाइट ब्ल्यू आदि का इस्तेमाल करें। ग्लिटर आईशैडो से बचें, क्योंकि ये ग्लिटर नमी के कारण बह सकती है, इससे आपका लुक बिगड़ सकता है।

**वाटरप्रूफ मस्कारा:** आप पलकों पर वाटरप्रूफ मस्कारा ही इस्तेमाल करें। मस्कारा लगाने पर आपकी आंखें बेहद सुंदर नजर आएंगी। मस्कारा में कई कलर्स अवेलेबल हैं।



**ऐसे अप्लाई करें लिपस्टिक:** लिपस्टिक में आप अपनी पसंद का कोई भी कलर लगा सकती हैं। बस ध्यान रखें कि वह आप पर सूट करती हो। आप थोड़े ब्राइट कलर के वाटरप्रूफ लिपस्टिक यूज कर सकती हैं।

**(मेकअप आर्टिस्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

ब्यूटी-योगा / हेतल शाह
योग एक्सपर्ट

स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए ब्यूटी केयर की जरूरत होती है। इसके साथ अगर आप कुछ योगासन रेग्युलर करेंगी तो भी आपकी खूबसूरती में निखार आएगा।

# चाहिए अगर ग्लोइंग स्किन रेग्युलर करें योगासन

गलत खान-पान और आदतों की वजह से हेल्थ बिगड़ने के साथ-साथ चेहरे की चमक भी कम होती चली जाती है। ऐसे में आप अपनी स्किन को ग्लोइंग, हेल्दी और खूबसूरत बनाने के लिए योग का सहारा ले सकती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि योग न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि योगा से आप स्किन में भी नई चमक ला सकती हैं और अपने चेहरे के फीचर्स को हाईलाइट कर सकती हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही योगासनों के बारे में बता रहे हैं। लेकिन इन सभी का अभ्यास किसी योग प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही करें।



फेस योगा फेशियल स्लैपिंग



मत्स्यासन



भुजंगासान

**फेस योगा फेशियल स्लैपिंग :** फेस योगा आप जब चाहें ऑफिस में बैठकर कलीग से बात करते हुए, घर का काम करते हुए भी कर सकती हैं। इस क्रिया को करने के लिए पीठ को सीधा करके आराम से बैठ जाएं। इसके बाद मुंह में हवा भर लें। अब अपने चेहरे को अंगुलियों की मदद से टैप करते रहें। ध्यान रहे ऐसा करते हुए आपको चेहरे पर प्रेशर नहीं देना है। इस तरह की टैपिंग से चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है। रोजाना इस योगासन को करने से चेहरे पर कोलेजन प्रोडक्शन बढ़ता है और स्किन ग्लोइंग बनती है। इस योगासन को करने से चेहरे के छोटे रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं।

**हलासन :** हलासन में ब्लड सर्कुलेशन चेहरे और सिर की ओर होता है। इससे चेहरे का ग्लो बढ़ता है। इस आसन में शरीर को बिना किसी परेशानी जितनी देर रोक सकती हैं, रोकें।



**मत्स्यासन :** मत्स्यासन में सिर के सहारे कंधे और कमर को ऊपर उठाकर बैलेंस किया जाता है। इससे ब्लड फ्लो सिर की ओर होता है। यह आसान शरीर को रिलैक्स करने के साथ स्किन को ग्लोइंग बनाने में भी मदद करता है।

**भुजंगासान :** भुजंगासान कमर और कंधों के दर्द को ही दूर करने में ही कारगर नहीं बल्कि आपको रिलैक्स करके आपके मूड को भी अच्छा करता है। सबसे अच्छी बात यह है कि इससे स्किन सॉफ्ट होती है और चेहरे पर ग्लो बना रहता है।

**सर्वांगासन :** सर्वांगासन में शरीर को कंधों और सिर पर बैलेंस किया जाता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन सिर और चेहरे की ओर होता है। यह स्किन का ग्लो बढ़ाने का काम तो करता ही है साथ ही इससे कील-मुंहासों की समस्या भी दूर होती है। इस आसन में ब्लड का फ्लो सिर और चेहरे की तरफ होता है।



जिससे स्किन को ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन मिलती है, जो स्किन से जुड़ी हर तरह की परेशानी को दूर करने के साथ ही चेहरे पर चमक लाने में भी बहुत ही फायदेमंद है।

प्रस्तुति:ललिता गोयल

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट के चार आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 24 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने मामले में जांच के बाद गोकलगढ़ निवासी मनिंद्र, उदय, अनुज व चंद्रकांत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में चारों आरोपियों को तफ्तीश में शामिल करते हुए पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पुल के पास खड़ी गाड़ी की प्लेट चोरी

**रेवाड़ी।** गाड़ियों की एसीएम प्लेटें चोरी होने का सिलसिला एक बार फिर शुरू हो गया है। चोर नेशनल हाइवे पर असाही पुल के पास खड़ी गाड़ी की एसीएम प्लेट चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में जलियावास निवासी नित्यानंद ने बताया कि उसकी गाड़ी कंपनी से माल लेकर नारनौल गई थी। चालक गाड़ी को खाली करने के बाद असाही पुल के पास लाया था। वहां गाड़ी खड़ी करने के बाद चालक कहीं चला गया। पीछे से चोर उसकी एसीएम प्लेट चोरी कर लेग गए। कसोला पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### तीन युवकों के खिलाफ मारपीट का केस

**कुंड।** माजरा में चार दिन पूर्व दो गुटों के बीच हुई मारपीट के पास पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ एक और केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में माजरा निवासी अनिल ने बताया कि वह बाइक पर धर्मेंद्र के साथ कहीं जा रहा था। रास्ते में जानसू, अंकित व एक अन्य युवक ने बाइक रुकवा ली। उस पर डंडों से हमला करते हुए जमकर मारपीट की। इन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। धर्मेंद्र ने उसे घालयावस्था में अस्पताल पहुंचाया। थाना खोल पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### रेलवे पावर हाउस के पास से बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** रेलवे के पावर हाउस के पास खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में अजय नगर निवासी प्रदीप ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार को ट्रेन में बैठाने के लिए घर से बाइक पर आया था। बाइक को रेलवे के पावर हाउस के पास खड़ा करने के बाद वह रेलवे स्टेशन पर चला गया। वहां से वापस आने पर उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट मामले के आरोपी दंपति गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** गत 21 मई को जोनावास में हुई मारपीट के बाद दर्ज केस में पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में जोनावास निवासी शर्मिला और उसके पति हिम्मत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में दो आरोपी काबू

**कोसली।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और छेड़छाड़ के बाद दुष्कर्म के प्रयास मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विवाहिता ने पुलिस शिकायत में ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए थे। दोनों पक्षों के बीच बातचीत से सुलह नहीं होने के बाद पुलिस ने 25 जून को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने गुरूग्राम के एक गांव निवासी प्रवीण और जोगेंद्र को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## किसानों के लिए राहत लेकर आई मानसून की बरसात

# मनेठी खंड में सर्वाधिक 61 एमएम बरसात, शहर में एक बार फिर जलभराव, अभी भी बारिश का अलर्ट

### शहर के लोगों को करना पड़ रहा आफत का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

तीन दिन तक शहरी क्षेत्रों तक सीमित रही इंद्रदेव की मेहरबानी रविवार की रात ग्रामीणा इलाकों में भी जमकर बरसी। जिले के मनेठी ब्लॉक में सर्वाधिक 61 एमएम बरसात दर्ज की गई, जबकि पाल्हावास खंड इस बार भी सूखा रह गया। अन्य खंडों में कहीं हल्की, तो कहीं तेज बरसात हुई।

शहर में एक बार फिर अच्छी बरसात के बाद पानी ही पानी हो गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग की ओर से अभी भी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। रविवार शाम के समय ही ग्रामीण क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ अच्छी बरसात शुरू हो गई थी। बरसात का सिलसिला आधी रात के बाद तक चलता रहा। इस दौरान कहीं हल्की, तो कहीं तेज बरसात हुई। शहर में औसत 48 एमएम बरसात ने चारों ओर पानी ही पानी खड़ कर दिया। नगर परिषद कर्मचारी सोमवार सुबह से ही बाजार और निचले इलाकों में पानी की निकासी व्यवस्था में लगे रहे।

मानसून से पहले पर्याप्त इंतजाम कागजों तक सीमित रहे। बरसात ने इन इंतजामों की पोल मानसून शुरू होते ही खोल दी। शहर के लोगों को जलभराव के कारण भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। निचले इलाकों में बरसाती पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुस गया, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अभी तक बरसात का सिलसिला शहर, बावल और धारूहेड़ा कस्बे तक ही सीमित रहा था, परंतु इस बार लगभग पूरे जिले में अच्छी बरसात हुई। मौसम विभाग की ओर से जिले में बरसात का ओरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है। लगभग एक सप्ताह तक रुक-रुककर हल्की या मध्यम बरसात होने की अनुमान लगाया जा रहा है। इस दौरान कुछ इलाकों में भारी वर्षा भी होने का अनुमान है।



रेवाड़ी। एसबीआई बैंक के आगे जमा पानी में से जाते लोग। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। अनाजमंडी से हाउसिंग बोर्ड मार्ग पर जमा पानी। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। बरसात के पानी से जलमग्न ब्रास मार्केट फोटो : हरिभूमि

### आसमान साफ होते ही उमस ने किया परेशान

सोमवार सुबह आसमान साफ होने के बाद तेज धूप निकलते ही उमस भरी गर्मी ने एक बार फिर लोगों के पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए। दोपहर बाद तक उमस भरी चिपचिपी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया। अधिकतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 32.5 डिग्री पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री गिरकर 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 80 प्रतिशत से ज्यादा रहने के कारण तेज धूप से उमस बन गई, जिसने लोगों को जमकर पसीना निकाला।

**सोमवार सुबह 8 बजे तक हुई बरसात**

| खंड | बरसात |
|---|---|
| रेवाड़ी | 48 एमएम |
| मनेठी | 61 एमएम |
| पाल्हावास | 00 एमएम |
| धारूहेड़ा | 03 एमएम |
| डहीना | 16 एमएम |
| कोसली | 14 एमएम |
| नाहड़ | 26 एमएम |

### फसल बिजाई की तैयारी में जुटे किसान

खरीफ की प्रमुख फसल बाजरे की बिजाई के लिए किसान करीब एक माह से अच्छी बरसात का इंतजार कर रहे थे। जिले के कई इलाकों में बाजरे की बिजाई के लिए पर्याप्त बरसात हो चुकी है। इस बरसात से कपास की फसल को भी अच्छा फायदा मिला है। कुछ इलाकों में बरसात कम हुई है। वहां किसान अभी अच्छी बरसात का इंतजार कर हैं। मौसम साफ होते ही बाजरे की बिजाई शुरू हो जाएगी। गत वर्ष मई माह के अंत में हुई बरसात के बाद किसानों ने बाजरे की बिजाई कर दी थी।

### बिजली की खपत में आई काफी कमी

अच्छी बरसात के बाद तापमान में कमी और कई फीडरों के बंद रहने से बिजली की खपत में काफी कमी आई है। लगभग 85 लाख यूनिट से कम होकर रविवार शाम तक बिजली की खपत 60 लाख यूनिट पर आ गई थी। बरसात के बाद कृषि क्षेत्र में बिजली की मांग कम हो गई है। मौसम में बदलाव के बाद बिजली निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को ओवरलोडिंग की समस्या से काफी हद तक छुटकारा मिल चुका है। मांग कम होने के कारण पावर कटों का झंझट भी लगभग खत्म हो गया है।




### सीहा-धवाना सड़क मार्ग की जर्जर हालत से ग्रामीण परेशान

**कुंड।** रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रोड स्थित गांव सीहा से गांव धवाना सड़क मार्ग की हालत पूरी तरह दयनीय हो चुकी है। बरसात के समय सड़क मार्ग पर व्याप्त गड्ढों में पानी जमा होने से तालाब जैसा नजारा हो गया है। सड़क मार्ग पिछले एक वर्ष से क्षतिग्रस्त है, लेकिन प्रशासन की ओर से अवगत कराने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह सड़क मार्ग गांव धवाना, मंढोला व खोल होते राष्ट्रीय राजमार्ग-11 को जोड़ता है। मार्ग पर सरकारी स्कूल, सरकारी अस्पताल व गांव सीहा का बड़ा बाजार है। हजारों विद्यार्थी व ग्रामीण प्रतिदिन इस टूटे सड़क मार्ग से होकर गुजर रहे है।

## ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 31 तक चलेगा विशेष प्रचार अभियान

- आमजन को हरियाणवी लोक शैली में सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों के प्रति जागरूक किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में विशेष प्रचार अभियान शुरू किया गया है, जोकि 31 जुलाई तक जारी रहेगा।

विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ के नेतृत्व व डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में एक माह तक चलने वाले विशेष प्रचार अभियान में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र को कवर करते हुए आमजन को हरियाणवी लोक शैली में सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने सांस्कृतिक प्रचार टीम की बैठक लेते हुए अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के सफलतम साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभाग की ओर से विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जिले के रेवाड़ी, बावल, नाहड़, जाटूसाना, खोल, डहीना व धारूहेड़ा खंडों के ग्रामीणों व शहरी क्षेत्र को कवर किया जाएगा। उन्होंने बताया प्रत्येक दिन एक गांव में प्रभावी रूप से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रचार अभियान के दौरान मुनादी कराकर विधायक या विधायक प्रतिनिधि, पार्षद, नम्बरदार, सरपंच व ग्राम सचिव के अलावा गांव व शहरों के मौजिज व्यक्तियों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम सायंकाल को कम से कम तीन घंटे तक चलेगा।


रेवाड़ी। प्रचार टीम की बैठक लेते डीआईपीआरओ दिनेश कुमार। फोटो : हरिभूमि



### युगल व तान्या ने स्टेट चैंपियनशिप में जीते मेडल

**रेवाड़ी।** हरियाणा स्टेट जूनियर वुशू चैम्पियनशिप का आयोजन 26 व 27 जून को फरीदाबाद में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के गांव फिदेड़ी से युगल ने 65 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक व तान्या उत्तम नगर ने 48 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया है। दोनों खिलाड़ी राव तुलाराम स्टेडियम में सुनील खत्री वुशू प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे हैं। सोमवार को जिला खेल अधिकारी मदनपाल ने खिलाडियों को सम्मानित करते हुए भविष्य में और पदक लाने के लिए प्रोत्साहित किया।


युग चौहान।

### युग चौहान ने वुशू में जीता कांस्य

**कुड।** किक बाक्सिंग प्रतियोगिता में कई पदक जीतने के बाद सीहा निवासी युग चौहान ने भिवानी मे आयोजित वुशू प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर अपने परिवार, गांव व कोच का नाम रोशन किया है। वुशू सचिव राहुल ने बताया कि युग ने 45 किलोग्राम भार में कांस्य पदक जीता है।

## डॉक्टर-डे पर किया चिकित्सकों का सम्मान

- जिला समन्वयक मुकेश सैनी ने चिकित्सक को भगवान का रूप बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारत विकास परिषद शाखा की ओर से सोमवार को अंतरराष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉ राम बाबू यादव, डॉ सुमन यादव, डॉ विराटवीर यादव, डॉ राहुल सिंगला, डॉ अचिन कुमार गुप्ता, आईएमए अध्यक्ष डॉ दीपक यादव, डॉ अनुभुती, मोहन सिंगला, पी सी सिंगला, डॉ बसंत गुप्ता, दिव्या गुप्ता, विवेक शर्मा,डॉ भावना भुराड़िया व डॉ दीपक सैनी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक मुकेश सैनी ने चिकित्सक को भगवान का रूप बताया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी, सचिव हुक्म चन्द प्रजापत, कोषाध्यक्ष रामकिशोर सैनी, शाखा संरक्षक रमेश, योगेश शर्मा, नितिन गोयल, प्रेम मेहंदीरत्ता व दयानंद आर्य उपस्थित थे।


रेवाड़ी। डॉ रामबाबू व डॉ सुमन का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि


### धोखाधड़ी कर पैसे एठने के मामले में बाप-बेटा कबू

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने फर्जी इकरारनामा कर धोखाधड़ी से पैसे एठने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान काठमंडी रेवाडी निवासी विनय व उसके पुत्र अंशुल के रूप में हुई है। गांव पीथनवास निवासी कंवर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वर्ष 2017 में उनकी जमीन एचएसआईडीसी द्वारा एमटीएस प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहण की गई थी तथा जमीन का पैसा भी आया था। आरोपी विनय कुमार शर्मा उनके घर आए और उनकी करनावास की जमीन का सौदा करने की बात की। विनय कुमार की पत्नी उर्वशी शर्मा ने 24 अप्रैल 2017 को एक इकरारनामा उसके व उसके भाई के हक में लिखा कर दिया था।




### ईशा ने तलवारबाजी में जीता कांस्य

**रेवाड़ी।** रूस के कजान में हुए ब्रिक्स गेम्स में जिले के गांव तिहाड़ा निवासी ईशा ने भारत का प्रतिनिधित्व करते फैंसिंग खेल के फॉइल टीम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने देश, प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। ईशा राव तुलाराम स्टेडियम में राजपाल यादव से तलवारबाजी का प्रशिक्षण ले रही हैं। खिलाड़ी के राव तुलाराम स्टेडियम पहुंचने पर डीएसओ मदनपाल व स्टाफ ने स्वागत किया व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



### निपुर्णा ने तलवारबाजी प्रतियोगिता में जीता सिल्वर

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित आरपीएस पब्लिक स्कूल की छात्रा निपुर्णा राव ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता की तलवारबाजी स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता कटक उड़ीसा में 14 से 18 जून तक आयोजित की गई। स्कूल प्रधानाचार्य विक्रम यादव, शैक्षणिक डीन ईश ढींगरा व माध्यमिक विभाग अध्यक्षा सुनीता यादव ने सोमवार को स्कूल पहुंचने पर छात्रा का स्वागत किया। प्रधानाचार्य व डीन ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को भी इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## कानूनों का उद्देश्य पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाना

# नए आपराधिक कानून लागू होने से पीड़ित को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारत सरकार की ओर से अधिसूचित किए गए तीनों नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को एक जुलाई से देशभर में लागू कर दिया गया है। तीनों कानूनों का खास मकसद विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय सिस्टम को पूरी तरह से बदलना है। एसपी गौरव राजपुरोहित ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते कहा कि नए कानूनो के लागू होने से भविष्य में आपराधिक सिस्टम में बड़े और सकारात्मक नतीजे मिलने की उम्मीद है। इन कानूनों का उद्देश्य पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाना है। एसपी राजपुरोहित ने बताया कि कि भारतीय न्याय संहिता में यह तय होगा कि कौनसा कृत्य अपराध है और उसके लिए क्या सजा होगी। आईपीसी कानून में 511 धाराएं थीं, जबकि नए कानून भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं होंगी। नए कानून में 21 नए अपराधों को भी शामिल किया गया है। दंप्रसं में पहले 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं होंगी। नए कानून में सीआरपीसी की 177 धाराओं को बदला गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं। नए कानून को लाते हुए 14 धाराएं समाप्त भी गई हैं। गिरफ्तारी, जांच और मुकदमा चलाने आदि की प्रक्रिया सीआरपीसी में होती है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत 170 धाराएं होंगी। मुकद्मों के सबूतों को कैसे साबित किया जाएगा, बयान कैसे दर्ज होंगे, यह सब अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत 170 धाराओं के तहत ही होगा। नए कानून लाने में 24 धाराओं में बदलाव किया गया है और 2 नई धाराएं भी साक्ष्य अधिनियम में जोड़ी गई हैं। नए कानून में पुरानी 6 धाराओं को समाप्त भी किया गया है।


गौरव राजपुरोहित।

पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि नए कानून लागू होने से पीड़ित पक्ष को न्याय पाने के लिए पहले की तरह वर्षो तक थानों व कोर्ट के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे तथा एफआईआर से लेकर अदालत के अंतिम फैसले तक पुलिस की पूरी प्रकिया तथ्यों पर आधारित होगी ताकि पीड़ित को त्वरित न्याय मिल सके।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, सतपाल सिंह पुत्र श्री शेर सिंह निवासी गली नंबर-01, सरस्वती विहार-2, बावल रोड रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र विशाल दहिया व पुत्रवधू प्रियंका मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। उनके व्यवहार व झगड़े आदि से परेशान होकर मैंने उनसे संबंध विच्छेद कर लिये हैं। उनके साथ व्यवहार व लेन-देन रखने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। भविष्य में उनके साथ कोई भी प्रिय/अप्रिय घटना घटती है तो वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा उनसे कोई संबंध व ताल्लुक नहीं है।

**सूचना**

मैं, कमलेश देवी उर्फ बिमलेश देवी पत्नी नंबर 1472145एल नायक जयबीर सिंह पुत्र स्व. श्रीनारायण निवासी धारोली जिला झज्जर हरियाणा हालआबाद ग्राम सुमाखेड़ा जिला रेवाड़ी शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में मेरा घरेलू नाम बिमलेश देवी व जन्मतिथि 20-05-1967 दर्ज है जबकि मेरा असल नाम कमलेश देवी है जो कि मेरे आधार, वोटर, पैन व राशनकार्ड तथा फैमिली आईडी में भी दर्ज है। कमलेश देवी व बिमलेश देवी मुझ एक ही महिला के नाम हैं।

## खबर संक्षेप



### डॉक्टर दिवस पर दी चिकित्सा की जानकारी

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित आरपीएस विद्यालय में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया गया। बच्चों को विडियो के माध्यम से डॉक्टर दिवस मनाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने कार्ड भी बनाएं। डॉ नीरू यादव ने बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा के विषय में जानकारी दी और उसके सही प्रयोग करने का तरीका समझाया। विद्यालय प्राचार्य विक्रम, डीन ऑफ एकेडमिक ईश ढींगरा एवं प्राइमरी अध्यक्ष आंचल चौधरी ने डॉक्टर की महता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईश्वर के बाद ऐसा व्यक्ति डॉक्टर ही है, जो हमें जीवन प्रदान करता है।

### जबरन वसूली के लिए धमकाया, तीन काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने 18 लाख रुपये की जबरन वसूली के लिए धमकी दे रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। मामला पैसे के लेन-देन से जुड़ा हुआ है। पुलिस शिकायत में टीपी स्कीम निवासी चिराग ने बताया कि उसने जुलाई 2013 तक चडीगढ़ यूनिवर्सिटी से होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई की थी। इस दौरान उसकी मुलाकात बहादुरगढ़ निवासी प्रिंस हुड्डा से हुई थी। उसने प्रिंस से एक लाख रुपये उधार लिए थे। प्रिंस हुड्डा हाल में भक्ति नगर में रह रहा है। उसने आरोप लगाया कि प्रिस ने उससे 18.90 लाख रुपये का लेन-देन लिखवा लिया।

### दुकान का ताला तोड़कर बैट्री चोरी, शिकायत

**भाड़ावास।** गांव के बस स्टैंड पर चोर एक इन्वर्टर-बैट्री की दुकान का ताला तोड़कर कई बैट्री चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सज्जन सिंह ने बताया कि सुबह वह अपनी दुकान पर गया तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर देखने पर एक नई, चार पुरानी और दो छोटी बैट्री गायब मिली। थाना रामपुरा पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## बजली सुचारू करने के लिए दिनभर मशक्कत करते रहे कर्मचारी

# बिजली लाइनों के पास पेड़ बने नासूर बारिश में 20 से ज्यादा फीडर बाधित

**लाइनें फॉल्ट होने से कई गांवों में छाया रहा अंधेरा, मानसून से पहले नहीं हटाई गई पेड़ों की टहनियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मानसून की पहली अच्छी बरसात ने बिजली निगम कर्मचारियों की खामियां उनके सामने उजागर कर दीं। नतीजा यह रहा कि रविवार की रात अच्छी बरसात होने के बाद बिजली की लाइनों में उलझी पेड़ों की टहनियों के कारण जिले भर में एक के बाद एक लगभग 20 फीडरों की लाइनों में फाल्ट आ गया। इससे कई गांवों के बिजली उपभोक्ताओं को अंधेरे में रात बितानी पड़ी। निगम के कर्मचारी रात को ही लाइनों को ठीक करने में जुटे रहे। सोमवार को कई लाइनों में फंसे पेड़ों की टहनियों को काटा गया। मानसून से पहले निगम कर्मचारियों को बिजली लाइनों की पेट्रोलिंग करने के बाद उनमें फंसी पेड़ों की टहनियां काटनी होती हैं। कई सब डिवीजन में कर्मचारी इन टहनियों को अनेदखा कर देते हैं। 11 केवी क्षमता की लाइनों के संपर्क में आने वाली इन टहनियों के कारण न सिर्फ बरसात के मौसम में बिजली बाधित होती है, बल्कि गीले पेड़ों के संपर्क में आने से हादसों की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार की रात मानसून की पहली अच्छी बरसात होने से आधी रात को ही कई फीडरों के ब्रेक डाउन होने का सिलसिला शुरू हो गया था। इन फीडरों को चालू करने के लिए रात भर निगम के कर्मचारी लाइनों पर लगे रहे। इसके बावजूद पेड़ों की टहनियां काटने के लिए उन्हें दिन के समय का इंतजार करना पड़ा। रात के समय कई गांवों की बिजली गुल रही, जिससे लोगों को भारी गर्मी और मच्छरों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। डहीना, बुड़ौली, पाली गोठड़ा, धारूहेड़ा, बिसोहा, जाटूसाना, बटोड़ी व कई अन्य सब स्टेशनों के 11 केवी बिजली फीडर बरसात के बाद ट्रिप कर दिए। इन फीडरों को रात के समय ही चालू करने के प्रयास शुरू किए गए, लेकिन बरसात के कारण कई फीडर रात भर बंद रहे।


**रेवाड़ी।** बिजली की तारों में फंसी टहनियां काटते बिजली कर्मचारी।

### सुबह से ही करते रहे लाइनों की पेट्रोलिंग

रात को लाइनें फॉल्ट होने के बाद बिजली कर्मचारी सोमवार सुबह से ही लाइनों को चेक करते हुए फील्ड में नजर आए। इन कर्मचारियों ने लाइनों पर छाए पेड़ों की तलाश करने के बाद उनकी टहनियां काटने का कार्य शुरू किया। यह कार्य अनेक फीडरों में बारी-बारी से किया गया, जिससे दिन के समय भी संबंधित बिजली फीडरों को बंद किया गया। मानूसन के सीजन में लाइनों में फंसे पेड़ परेशानी का सबब बने रह सकते हैं।

### वन विभाग से परमिशन लेना जरूरी

शहर में जितने भी बिना नंबर के पेड़ है वह सब नगर परिषद के अधीन आते है। इनकी कटाई-छंटाई का कार्य नगर परिषद को कराना होता है तथा बिजली के तारों से टच होकर गुजर रही टहनियों को काटने का कार्य बिजली निगम का होता है। टहनियों को काटने के लिए दोनों विभागों को वन विभाग से परमिशन लेना जरूरी है।

*संदीप यादव, आरएफओ, रेवाड़ी रेंज।*

### बड़े ट्रांसफार्मरों को ज्यादा खतरा



बड़ी संख्या में 11 केवी लाइनों के ट्रिप करने और धमाके साथ फॉल्ट होने के कारण पावर ट्रांसफार्मरों पर खतरा बना रहता है। लाइनों को सुचारू रखने का कार्य डीएचबीवीएन का है। डीएचबीवीएन की लाइनों में बड़े फॉल्ट कई बार एचवीपीएन के बड़े ट्रांसफार्मरों को खतरे में डाल देते हैं।

*-संजय यादव, एक्सईएन, एचवीपीएन।*

### शहर में तारों में फंसी पेड़ों की टहनियां

बिजली की तारों में पेड़ों की टहनियां शहरी क्षेत्रों में भी फंसी हुई हैं, जो लाइनों को फॉल्ट करने के साथ-साथ हादसों की आशंका को भी जन्म देती हैं। निगम के कर्मचारी अक्सर सर्दी या बरसात से पहले बिजली लाइनों के संपर्क में आने वाले पेड़ों की छंटाई का कार्य करते हैं। पेड़ काटने की उन्हें अनुमति नहीं होती। वह उन टहनियों को काटते हैं, जो बिजली की लाइनों के संपर्क में आ जाती हैं। इस समय सैकड़ों स्थानों पर बिजली की लाइनें पेड़ों की टहनियों से गिरी हुई हैं। बिजली निगम के कर्मचारी कुछ ही स्थानों पर टहनियां काटकर खानापूर्ति कर लेते है। वन विभाग की ओर से पेड़ों की कटाई-छंटाई पर कम ही ध्यान दिया जाता है।

## फोटो युक्त मतदाता सूची सत्यापन कार्य 4 तक पूरा करें बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिले के सभी बीएलओ फोटोयुक्त मतदाता सूची का सत्यापन कार्य 4 जुलाई तक पूरा करें। उन्होंने कहा कि एक जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए सत्यापन प्रक्रिया अमल में लाई जाए और जिन व्यक्तियों की उम्र 18 वर्ष से अधिक हो चुकी है, उनके वोट बनवाना तथा मृतकों नाम वोटर लिस्ट से नियमानुसार हटाए जाने का कार्य करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के सत्यापन, पोलिंग स्टेशनों को सुव्यवस्थित करने, 18 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों के वोट बनवाने व कम वोटर टर्नआउट वाले पोलिंग स्टेशनों के लिए विशेष योजना तैयार करने के विषय में दिशा-निर्देश निर्वाचन आयोग की ओर से जारी किए हैं। डीसी ने कहा कि जिले में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदान केंद्रों की सूची तैयार की जाए, जहां मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक होने की संभावना है, ताकि समय रहते वैकल्पिक मतदान केंद्र की व्यवस्था करने की प्रक्रिया पूरी की जा सकें।


राहुल हुड्डा।



### बॉक्सिंग में पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नाहड़।** बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे विजेताओं को गांव सुधराना में सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी तथा ग्रामीणों ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अंबाला तथा हिसार में संपन्न हुई तीन दिवसीय स्टेट लेवल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाई-बहन रिया तथा साहिल ने गोल्ड मेडल जीते है। मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी अभिमन्यु यादव तथा ग्रामीणों ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया। साहिल ने हिसार में हुई अंडर-14 बॉक्सिंग प्रतियोगिता तथा रिया ने अंबाला में हुई अंडर-17 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया है। इस अवसर पर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि गांवों का हर बच्चा प्रतिभावान है। गांवों के बच्चे हर क्षेत्र में अग्रणी हैं, केवल उन्हें तराशने एवं संवारने की जरूरत है। पिता संदीप ने बताया कि दोनों बच्चे केवीएस स्कूल भाकली में पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सफलता में केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य सुभाष चंद्र,र स्पोर्ट्स टीचर महेंद्र सिंह, संजय गांधी, नरेंद्र, विवेक भट्ट तथा कोच ममता यादव का बड़ा योगदान है।



### साइबर सैल ने खोए हुए मोबाइल फोन मालिकों को सौंपे

**रेवाड़ी।** जिला साइबर सैल टीम ने 90 दिन अंदर आमजन के खोए हुए साढे सात लाख से अधिक कीमत के 40 स्मार्ट फोन बरामद करके मालिकों को सौंपे है। बरामद किए गए ज्यादातर फोन नामी-गिरामी कंपनियों के हैं, जिनकी कीमत बाजार में 14 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक है। साइबर सैल इंचार्ज एएसआई संदीप कुमार ने एसपी कार्यालय में मालिकों को मोबाइल सुपुर्द किए। साइबर सैल इंचार्ज ने बताया कि वर्ष 2020 में खोए हुए मोबाइल को ढूंढकर उनके मालिकों को लौटाने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की गई थी। पुलिस की साइबर सेल ने इस अभियान के तहत वर्ष 2022 में अब तक करीब 35,80,522 रुपये के 216 स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को सौंपे है। वर्ष 2021 में करीब 849347 रुपये के 58 स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए गए। सोमवार को करीब 7,59,990 रुपये के 40 स्मार्ट फोन मालिकों को सौंपे गए। मोबाइल फोन पाकर मालिकों ने पुलिस का धन्यवाद किया। एएसआई संदीप ने कहा कि घर से बाहर जाते समय मोबाइल फोन को सम्भाल कर रखें और अगर मोबाइल गुम हो जाता है तो तुरंत गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराकर उसमें मौजूद सिम कार्ड को बंद कराएं।

### प्लेट लगाकर एटीएम से पैसे निकालने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सीआईए धारूहेड़ा पुलिस ने प्लेट लगाकर एटीएम से पैसे निकालने के मामले में दो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लोनी देहात गाजियाबाद निवासी अजमुददीन व लुहारों की ढाणी धारूहेड़ा निवासी अरूण के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को रविवार को आजाद नगर बास रोड धारूहेडा स्थित एक एटीएम में प्लेट लगाकर पैसे निकालते हुए काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपियों कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई एटीएम की प्लेट व 1500 रुपये बरामद किए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सोमवार को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## ग्रीष्मावकाश के बाद खुले स्कूल, कम दिखे बच्चे

- एक माह बाद स्कूल पहुंचे बच्चों में दिखा उत्साह, शिक्षकों ने होमवर्क जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एक माह का ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद सोमवार को जिले के सरकारी व प्राइवेट स्कूल खुल गए। गर्मी की छुट्टी खत्म होने के बाद एक तरफ जहां स्कूलों में रौनक लौट आई है, वहीं बच्चों में उत्साह भी देखने को मिला, हालांकि पहले दिन स्कूल में बच्चों की संख्या कम रही, लेकिन सप्ताह भर में सभी बच्चे स्कूल आने लगेंगे। ग्रीष्मकालीन अवकाश के समाप्त होने से एक दिन पहले सभी सरकारी स्कूलों में सफाई, बिजली व पानी संबंधी व्यवस्था कर ली गई थी। बरसात के मौसम में टपकने वाले स्कूल भवनों की छतों पर भी मरम्मत का कार्य किया गया। डीईओ की ओर से सभी स्कूलों के मुखियाओं को पहले ही निर्देश दे दिए गए थे। स्कूल में बच्चों के आगमन पर छुट्टियों के कार्य की जांच की गई तथा नए प्लान के अनुसार शैक्षणिक सत्र की शुरूआत की गई। पीएम श्री राजकीय कन्या विद्यालय के प्राचार्य धर्मवीर यादव ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में पहले दिन बच्चों की संख्या कम रही। लंबी छुट्टी के बाद पहला दिन होने के बाद सभी बच्चे स्कूल नहीं आ पाते है, लेकिन दो-चार दिनों में इनकी संख्या पूरी हो जाएगी। बच्चों के लिए पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराकर पीने के पानी व्यवस्था कर दी गई है। इसके अलावा शौचालयों की साफ-सफाई भी हो गई है। पहले दिन अपने शिक्षकों व साथियों से मिलकर बच्चों मे खुशी नजर आई। कक्षाओं में बच्चों ने एक दूसरों के अपने होमवर्क का मिलान भी किया। छुट्टी मनाकर आए बच्चों ने बताया कि उन्होंने इन दिनों में होमवर्क करने के साथ अपने परिवार के साथ काफी इंजाय किया और काफी स्थानों पर घूमने के लिए भी गए।


**रेवाड़ी।** राजकीय कन्या स्कूल में कक्षा में मौजूद छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*



### नाहड़ स्कूल में इको क्लब कैंप का शुभारंभ

**नाहड़।** शहीद जीतराम राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ में सोमवार को प्राचार्य शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन व मौलिक मुख्य अध्यापक वेदपाल की अध्यक्षता में इको क्लब कैंप की शुरूआत की गई। इको क्लब प्रभारी कृष्ण भारद्वाज तथा सदस्यों ने इको क्लब कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में बच्चों को अच्छी आदतें, खानपान, रहन-सहन व पौधों के महत्व के बारे में बताया गया। कृष्ण भारद्वाज ने कैंप के दौरान होने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रवक्ता नरेंद्र कुमार, उगेश, सुमन लता व ज्योति यादव सहित सभी स्टाफ सदस्य एवं बच्चे उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार ओबीसी वर्ग की हितैषी: अनिल

- ओबीसी वर्ग के लिए की गई घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सामाजिक न्याय मंच के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर ओबीसी वर्ग के लिए की गई घोषणाओं के लिए आभार जताया है। मंच के संयोजक तथा हसला की पूर्व राज्य प्रधान अनिल यादव प्रधान ने कहा कि इन घोषणाओं के कानून बनने से ओबीसी वर्ग के साथ हो रहा भेदभाव दूर हो पाएगा तथा ओबीसी मुख्यमंत्री ने इन विसंगतियों को दूर कर पिछड़े वर्ग के साथ किए जा रहे भेदभाव को स्थायी तौर पर दूर करने की प्रेरक पहल की है। मंच इन मांगों के लिए न्यायालय में भी वर्षों से संघर्षरत रहा है। यादव ने मुख्यमंत्री की ओर से हरियाणा में ग्रुप ए व ग्रुप बी की नौकरियों में लंबे समय से चल रहे 15 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर पूरे देश के समकक्ष 27 प्रतिशत करने के निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने ओबीसी समाज के साथ बहुत समय से चले आ रहे इस अन्याय को खत्म कर हरियाणा के 50 प्रतिशत ओबीसी समाज को जो न्याय देने का काम किया है, जिसे ओबीसी समाज हमेशा याद रखेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को ओबीसी क्रीमी लेयर को 6 लाख से बढ़कर 8 लाख करने, क्रीमी लेयर आय में वेतन, कृषि आय को शामिल नहीं करने व ओबीसी के ग्रुप ए और बी के बैकलॉग को पूरा करने की घोषणाओं का शीघ्र कानून बनाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर अटेली के विधायक सीताराम यादव, रेवाड़ी सैनी सभा के पूर्व अध्यक्ष चेतराम सैनी, प्रजापति सभा के प्रधान बाबू दौलत राम, ब्रह्मानंद यादव, ओम प्रकाश सैनी, लोकेश यादव, पार्षद सतेंद्र प्रसाद, रिटायर्ड ईओ मनोज कुमार व कप्तान वीर सिंह उपस्थित थे।


**रेवाड़ी।** मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए हरियाणा सामाजिक न्याय मंच के प्रतिनिधि।



### एसबीआई ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस ग्राहकों को दी स्कीमों की जानकारी

**रेवाड़ी।** एसबीआई के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा ने निजी अस्पताल के सहयोग से शाखा परिसर में चिकित्सा जांच व स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया। डॉ विवेक अग्निहोत्री की टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र रोग व अन्य बीमारियों से संबंधित मरीजों की निःशुल्क जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। डॉ अग्निहोत्री ने कहा की लोग नियमित व्यायाम करें और संतुलित खान-पान सेहत के लिए लाभदायक है। इस मौके पर बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों को बैंक की ओर से उपलब्ध कराए गए स्वास्थ्य बीमा उत्पाद की जानकारी प्रदान की। एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक राधेश्याम महला ने बैंक की बादली शाखा का दौरा किया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय बादली में पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने उपभोक्ताओं को बैंक की विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर संदीप शर्मा मुख्य प्रबंधक, सत्यदेव शाखा प्रबंधक बादली शाखा, बैंक का स्टाफ व बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित थे।

## सुपर-100 स्कीम की शुरूआत

- यदुवंशी ग्रुप की ओर से 7 को होगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

यदुवंशी ग्रुप ने सुपर-100 योजना की शुरूआत की है। योजना में बच्चों को मुफ्त शिक्षा और कोचिंग दी जाएगी, जिसके लिए 7 जुलाई को टेस्ट आयोजित किया जाएगा। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि देश में बहुत से बच्चे साधनों के अभाव में शिक्षा में वंचित हो जाते हैं। बच्चे अच्छे स्कूलों एवं कॉलेजों में पढ़ना चाहते हैं। सुपर-100 स्कीम से बच्चे 9वीं से 12वीं तक मुफ्त पढ़ेंगे तथा 12वीं पास बच्चे भी मुफ्त में कोचिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि सुपर-100 के बच्चे हॉस्टल में रहकर तैयारी करेंगे। टेस्ट यदुवंशी शिक्षा निकेतन महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नारनौल, हांसी तथा गुरुग्राम में आयोजित किया जा रहा है। टेस्ट में किसी भी स्कूल से बच्चे आ सकते है, उन्हें स्कूल तथा हॉस्टल सुविधा मुफ्त में रहेगी। सुपर-100 में आर्टस, कॉमर्स, मेडिकल व नॉन मेडिकल के सभी बच्चे आ सकते हैं। इस अवसर पर ग्रुप के वाइस चेयरमैन कर्ण सिंह, ग्रुप डायरेक्टर डा. राजेंद्र सिंह यादव, डायरेक्टर विजय सिंह यादव, प्राचार्य डा. आरएन सिंह एवं उप-प्राचार्य राकेश कौशिक उपस्थित थे।


**रेवाड़ी।** सुपर-100 स्कीम की शुरूआत करते राव बहादुर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### दरवाजा तोड़कर पीतल के बर्तन चोरी

**डहीना।** ढाणी ठेठरबाढ़ में एक बंद मकान का दरवाजा तोड़कर हजारों रुपये के पीतल चोरी करने के आरोप में गांव के दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। थाना खोल पुलिस को दर्ज शिकायत में धर्मपाल ने बताया कि वह वर्ष 2005 से खेत में मकान बनाकर रह रहा है। गांव में उसका मकान काफी समय से बंद है। हाल ही में जब वह अपने पुराने मकान को देखने के लिए गया तो मकान का दरवाजा टूटा हुआ था। मकान में रखे पीतल के टोकनी, बंटा, सागर, कचोला, लौटे और टोपिया गायब मिले। बाद में चला कि यह सामान गांव के पंचायत घर में रखा है। सुरेंद्र ने बताया कि यह सामान डहीना में कबाड़ी की दुकान चला रहे व्यक्ति से पकड़कर यहां रखा गया है।

### कांग्रेसियों ने लोगों को बताई पार्टी की नीतियां

## भाजपा के कुशासन से जनता का मोह भंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डा. एमएल रंगा व बावल हल्का प्रभारी दिनेश यादव ठेकेदार ने कांग्रेस के जागरूकता अभियान के तहत गांव कनुका व आरामनगर में जनसभाओं को संबोधित किया। दिनेश यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए ग्रामीणों का आभार जताया। इस अवसर पर डा. रंगा ने कहा कि पूरे प्रदेश व देश में बेरोजगारी, महंगाई, पेंशन स्कीम बंद करना, बीपीएल कार्ड काटना, आयुष्मान कार्ड से वंचित रखना व रोजगार प्रदान न करने को लेकर जनता की भाजपा से बेरूखी रही और कांग्रेस के प्रति विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रति लोगों को रुझान बढ़ा है। भाजपा के कुशासन से जनता का मोह भंग हो चुका है। आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा में कांग्रेस की बहुमत से सरकार बनेगी। इस अवसर पर हनुमान पूर्व सरपंच, डब्लू सिहं पूर्व सरपंच, अनिल शर्मा, गुगन सिंह, सूमेर सिंह, रामशरण सोनी, नितेश सोनी, हवलदार बाबूलाल, रणजीत सिंह, पूर्व सरपंच बाबूदान सिंह, मामराज पूर्व सरपंच, विशाल कुमार, राहुल, मनोज कुमार, नरेन्द्र सिंह, धनीराम, राजेन्द्र सिंह, भजन लाल, राजसिंह, रोहित, मन्नी लाल, सुबेसिंह, दलीप, भवानी सिंह, रतिराम व शुभम सहित अनेक लोग मौजूद थे।


**रेवाड़ी।** ग्रामीणों को संबोधित करते डा. एमएल रंगा।